# जल जीवन मिशन (फेज–2) कार्यक्रम के अन्तर्गत मा0 सांसद – बहराइच की अध्यक्षता में दिनांक 28.04.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक की कार्यवृत्त

निदेशक, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या w-11012/24/2019-JJM-I(Part-3) दिनांक 03.08.2021 एवं अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या 1291/ई–46/2021 दिनांक 25.08.2021 के अनुपालन में मा0 सांसद–बहराइच की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम(फेज–2) के अन्तर्गत जनपद बहराइच में पेयजल योजना के क्रियान्वयन एवं डी.पी.आर. गठन हेतु नामित मेसर्स पी.एन.सी. इन्फ्राटेक लि0–एस.पी.एम.एल. (जे.वी.) आगरा के कार्यो की समीक्षा की गयी। मा0 सांसद जी द्वारा मा0 जन प्रतिनिधि/विधायक को बैठक में उपस्थित होनें के लिए विशेष रूप से अमंत्रित किया गया। जिस पर मेसर्स पी.एन.सी. इन्फ्राटेक लि0–एस.पी.एम.एल.(जे.वी.) आगरा के द्वारा कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 28.04.2022 को बैठक आयोजित की गई बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. डॉ0 दिनेश चन्द्र – जिलाधिकारी, बहराइच
2. श्री केशव कुमार चौधरी – पुलिस अधीक्षक, बहराइच
3. श्रीमती कविता मीना – मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच
4. श्री सुरेश्वर सिंह – मा0 विधायक, महसी
5. श्रीमती अनुपमा जायसवाल – मा0 विधायक, बहराइच
6. श्री आनन्द यादव – मा0 विधायक, कैसरगंज
7. श्री निशंक त्रिपाठी – प्रतिनिधि, मा0 विधायक, पयागपुर
8. श्री आलोक जिन्दल – प्रतिनिधि, मा0 विधायक, बलहा
9. श्री राजेश मिश्र – जिला विकास अधिकारी, बहराइच
10. श्री सौरभ सुमन – अधिशासी अभियन्ता, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
11. श्री जी.एस. मिश्र – जी0एम0, पी0एन0सी0
12. श्री राकेश तिवारी, – परियोजना प्रबन्धक, पी0एन0सी0
13. श्री देवेश प्रताप मिश्र – डिस्ट्रिक इन्चार्ज/कोर्डिनेटर, डी.पी.एम.यू.
14. श्री प्रत्यूष कुमार सिंह – डी.टी.एल., टी.पी.आई.

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म के द्वारा वर्तमान समय तक 784 ग्राम पंचायतों में से 573 ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करा दिया गया है जिसमें से 417 नग डी.पी.आर. तैयार कर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को डी.डब्लू.एस.एम. द्वारा प्रेषित किया जा चुका है। वर्तमान तक एस.एल.एस.एस.सी. से 261 नग ग्राम डी.पी.आर. की वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिनमें से 180 नग परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "हर घर जल" उपलब्ध कराने हेतु मेसर्स पी0एन0सी0 इंफ्राटेक द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना विकास खण्ड वार निम्नवत् है–









Scanned with CamScanner

15.फर्म मेसर्स पी.एन.सी. के द्वारा बिछायी जा रही वितरण प्रणाली की गुणवत्ता की जॉच करायी गयी है या नहीं। बिछायी जा रही वितरण प्रणाली की गहराई/ज्वाइंटिग मानक के अनुरूप है या नहीं इसकी जॉच अवश्य करें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी./टी.पी.आई./डी.पी.एम.यू.)**

16.जन प्रतिनिधि मा0 विधायक महसी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में जितनी ग्राम पंचायतों का प्राक्कलन तैयार किया गया है तथा जितनी स्वीकृत हो गयी है उनका विवरण विधान सभावार तैयार कर सम्बन्धित जन प्रतिनिधि को उपलब्ध कराया जाये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी.)**

. मा0 विधायक बहराइच द्वारा फर्म मेसर्स पी.एन.सी. को निर्देश दिया गया कि योजनावार कार्मिकों/लेबरों की सूची नाम एवं मोबाईल नम्बर के साथ उपलब्ध करायें। **(कार्यवाही मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी.)**

18.मा0 विधायक महसी/बहराइच द्वारा निर्माण हेतु प्रयुक्त किये जा रहे मिस्त्री/लेबर की ई.पी.एफ. में रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति उपलब्ध करायें जानें के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी.)**

19.जन प्रतिनिधि मा0 सांसद बहराइच द्वारा निर्देश दिया गया कि मुख्य विकास अधिकारी अपनी उपस्थितिं में किन्ही तीन परियोजनाओं के सामग्री का सैम्पलिंग करा कर राजकीय इंजीनियरिंग कालेज से करायें।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी./टी.पी.आई./डी.पी.एम.यू.)**

20.जन प्रतिनिधि मा0 सांसद बहराइच द्वारा निर्देश दिया गया कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसके लिए मानक के अनुसार वर्ष 2023 तक समस्त कार्यो को पूर्ण करा लिया जाए।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मेसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे.वी./टी.पी.आई./डी.पी.एम.यू.)**

21.वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में विभागीय पेयजल योजनाओं को जिला स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर सत्यापन कराया जाए, मा0 जन प्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गयी कि जल निगम के ठेकेदार परियोजनाओं की पाइप लाइन बिछानें हेतु सड़के खोद दी जाती है किन्तु उनकी समय से गुणवत्तापूर्वक मरम्मत नहीं करायी जाती है।

**(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

22.जिलाधिकारी द्वारा विशेष रूप से फर्म एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजना के निर्माण के दौरान पी.डब्लू.डी/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/जिला पंचायत/ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित सड़कों/खडन्जे को काटने के बाद पुर्न निर्माण ठीक से कराया जाये तथा इसका प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से लिया जाए। सम्बन्धित विभाग का दायित्व होगा कि फर्म द्वारा काटी गयी सड़कों को मानक अनुसार ठीक कराया गया है कि नहीं इसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को उपलब्ध करायें।

**(कार्यवाही मुख्य विकास अधिकारी/सड़क निर्माण से सम्बन्धित नोडल अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

बैठक को समपाप्त करते हुए मा0 सासंद जी द्वारा निर्देश दिया गया कि बैठक में बताई गयी कमियों का निराकरण करा करा लें तथा दिनांक 14.05.2022 को जिला निगरानी समिति (दिशा) की बैठक के बाद जल जीवन मिशन की बैठक से पूर्व समस्त कमियों के निराकरण की रिपोर्ट तथा पी0एन0सी0 के डायरेक्टर/वरिष्ठ अधिकारी बैठक में प्रतिभाग करें।

मा0 संसाद एवं मा विधयक द्वारा दिये गये निर्देशों का जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति ने भी संस्तुति की।

12/05/2022

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**बहराइच।**

**पृ0सं0 469 /जल जीवन मिशन/2022/कार्य–17/143 दिनांक 13/05/2022**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रथम तल मल्टीपरपस हॉल, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ–226010।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता(गो0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
6. मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच।
7. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोण्डा।
8. जिला विकास अधिकारी, बहराइच।
9. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बहराइच।
10. डी.पी.एम.यू./टी.पी.आई. बहराइच।
11. मेसर्स पी0एन0सी0 इन्फाटेक लि0 एवं एस0 पी0 एम0 एल0 जे0वी0, पी0एन0सी0 टावर 3/22–डी0 सिविल लाइन्स, बाईपास रोड आगरा, को उक्त के सम्बन्ध में अनुपालनार्थ।

18/5/22

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवंस्वच्छता मिशन,**
**बहराइच।**

Scanned with CamScanner